भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 35

सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 (13 अग्रहायण,1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार राज्य पटना अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से खाड़ी देशों के लिए सीधी उड़ान सेवा

35. श्री सतीश चन्द्र दूबे:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य के पटना हवाई अड्डे या अन्य हवाई अड्डे से खाड़ी देशी (दुबई, ओमान, सऊदी इत्यादि) के लिए सीधी उड़ान की सुविधा उपलब्ध है;

(ख) यदि हाँ, ती तत्संबंधी ब्यौरा क्या है: और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा बिहार के इन हवाई से सीधी उड़ान संचालित करने हेतु अब तक क्या कदम बताए गए है जिससे बिहार प्रदेश के लाखों लोगों को लाभ मिल सके?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख) : वर्तमान में, पटना हवाईअड्डे या बिहार के अन्य हवाईअड्डों से खाड़ी देशों (दुबई, ओमान, सऊदी अरब, इत्यादि) के लिए कोई सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं है।

(ग) : भारत और विदेशों के बीच किए गए हवाई सेवा समझौते (एएसए) के अनुसार, भारतीय नामित वाहक, भारत द्वारा विदेशों के साथ किए गए द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौतों के दायरे में, पारस्परिक रूप से सहमत क्षमता सीमा के अनुसार, पटना सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे तक/से खाड़ी देशों सहित किसी भी अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के लिए प्रचालन कर सकते हैं।

नागर विमानन क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार ने एक समर्थकारी परिवेश प्रदान किया है। पटना हवाईअड्डे को पर्यटन के उन 18 प्रवेश द्वार स्थलों की सूची में शामिल किया गया है, जहां से भारतीय वाहक और 5 सार्क देशों (बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका) तथा 10 आसियान देशों (सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, इंडोनेशिया, म्यांमार, कंबोडिया, फिलीपींस और लाओस) के वाहक हवाईअड्डे पर स्लॉट की उपलब्धता के अध्यधीन असीमित उड़ानों का प्रचालन कर सकते हैं। तथापि, भारत में किसी भी स्थान से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का प्रचालन शुरू करना, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों के आधार पर एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय है।

****